भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग,
कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-2282 0427, ईमेल: crpd@sbi.co.in




# HR AWARDS & ACCOLADES








ET HUMAN CAPITAL AWARDS

- HR Leader of the Year – Large Scale Organization
- Excellence in Business Continuity Planning & Management
- Most Valuable Employer during COVID 19

MARKSMEN DAILY AWARDS

**Most Preferred Workplace 2023-24**

GREENTECH HR AWARDS 2023

- Transformative HR Practices Award
- Employee Engagement Award
- Learning & Development Award
- Compensation & Benefits Award

# भारतीय स्टेट बैंक में विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की नियमित आधार पर भर्ती

## विज्ञापन सं. CRPD/SCO/2023-24/32

## आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 13.02.2024 से 04.03.2024 तक

भारतीय स्टेट बैंक विशेषज्ञ संवर्ग के निम्नलिखित पदों पर नियमित आधार पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings या https://sbi.co.in/web/careers/current-openings में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.

1. पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूरी होगी जब बैंक में ऑनलाइन माध्यम से शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि या उससे पहले शुल्क जमा करवा दिया गया हो.
2. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि पर उक्त पद के लिए दिए गए योग्यता मानदंडों को पूरा करते हों.
3. **उम्मीदवारों को सभी आवश्यक दस्तावेज (विस्तृत जीवन वृत्त, पहचान का प्रमाण, आयु प्रमाण, शैक्षणिक योग्यता (मूल, अन्य, अतिरिक्त, वरीयता, जैसा भी मामला हो), अनुभव (अनिवार्य, आवश्यक, अन्य, अतिरिक्त, वरीयता आदि) विशिष्ट कौशल (अनिवार्य, वरीयता आदि) का साक्ष्य देने वाले प्रमाण पत्र (जहां भी जारी किए गए हों) अपलोड करना आवश्यक है, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा.**
4. आवेदनों की शॉर्टलिस्टिंग दस्तावेजों के सत्यापन के बिना अनंतिम होगी. जब कोई उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए रिपोर्ट करता है (यदि बुलाया जाता है) तो उसकी उम्मीदवारी सभी विवरणों/दस्तावेजों की मूल प्रति के साथ सत्यापन के अधीन होगी. साक्षात्कार, यदि बुलाया जाता है, के लिए उपस्थित होने से पहले सत्यापन के लिए मूल दस्तावेजों की अनिवार्य रूप से आवश्यकता होती है.
5. यदि उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और यदि वह पात्रता मानदंडों (आयु, शैक्षणिक योग्यता, श्रेणी निर्दिष्ट प्रमाण पत्र और अनुभव आदि) को पूरा नहीं करता/करती है तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे.
6. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे **बैंक की वेबसाइट** https://bank.sbi/web/careers/current-openings या https://sbi.co.in/web/careers/current-openings को विवरणों एवं नई जानकारी (शॉर्टलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों की सूची सहित) हेतु देखें. साक्षात्कार के लिए बुलावा लेटर, जहां आवश्यक हो, केवल ईमेल द्वारा भेजा जाएगा. **(कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी).**
7. यदि अंतिम मेरिट लिस्ट (कट–ऑफ अंक पर समान अंक) में एक से अधिक उम्मीदवारों के कट–ऑफ अंकों के रूप में एकसमान अंक आते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी आयु के अनुसार अवरोही क्रम में स्थान दिया जाएगा.
8. **इस कार्यालय को आवेदन एवं अन्य दस्तावेजों की कागजी प्रतियाँ न भेजें.**

**7.** सभी संशोधन/शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) केवल बैंक की उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही अपलोड किए जाएंगे.

10. **यदि कोई उम्मीदवार पात्र है तो उसे एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने की अनुमति है.**

**क. पद का विवरण: पद/रिक्तियाँ/आयु/ग्रेड/पदस्थापन का स्थान/चयन प्रक्रिया:**

| पद क्र. सं. | पद (नियमित) | ग्रेड | रिक्तियाँ | | | | | | पीडब्ल्यूबीडी (क्षैतिज)# | | | | अधिकतम आयु@ 01.12.2023 तक | पदस्थापन का संभावित स्थान $ | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | ईडब्ल्यूएस | सामान्य | कुल | वीआई | एचआई | एलडी | डी और ई | | | |
| 1. | **सहायक प्रबंधक (सुरक्षा विश्लेषक)** | JMGS-I | 03 | 01 | 05 | 02 | 12 | **23** | 01 | -- | -- | -- | 30 वर्ष | मुंबई/ नवी मुंबई | शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार |
| 2. | **उप प्रबंधक (सुरक्षा विश्लेषक)** | MMGS-II | 08 | 03 | 13 | 05 | 22 | **51** | 01 | 01 | 01 | -- | 35 वर्ष | | |
| 3. | **प्रबंधक (सुरक्षा विश्लेषक)** | MMGS-III | -- | -- | -- | -- | 03 | **03** | 01 | -- | -- | -- | 38 वर्ष | | |
| 4. | **सहायक महा प्रबंधक (एप्लिकेशन सुरक्षा)** | SMGS-V | -- | -- | -- | -- | 03 | **03** | 01 | -- | -- | -- | 42 वर्ष | | |

#पीडब्ल्यूबीडी रिक्तियां समस्तरीय हैं और कुल रिक्तियों में शामिल हैं.

**संक्षेपाक्षर:** JMGS-I - कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान–एक, MMGS-II - मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान–दो; MMGS-III - मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान–तीन; SMGS-V – वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान–पाँच;

**अ.जा.** – अनुसूचित जाति; **अ.ज.जा.** – अनुसूचित जनजाति; **अ.पि.व.** – अन्य पिछड़ा वर्ग; **ईडब्ल्यूएस** – आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; **सामान्य**– सामान्य संवर्ग; **पीडब्ल्यूबीडी** – बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवार; **वीआई** – दृष्टि बाधित; **एचआई** – श्रवण दोषी; **एलडी**– लोकोमोटर दिव्यांगता; **डी और ई**– दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 के खंड (डी) और (ई) के तहत बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवार.

**@** पद–1. 01.12.2023 को 30 वर्ष से अधिक नहीं अर्थात उम्मीदवारों का जन्म 02.12.1993 से पहले नहीं होना चाहिए.
पद–2. 01.12.2023 को 35 वर्ष से अधिक नहीं अर्थात उम्मीदवारों का जन्म 02.12.1988 से पहले नहीं होना चाहिए.
पद–3. 01.12.2023 को 38 वर्ष से अधिक नहीं अर्थात उम्मीदवारों का जन्म 02.12.1985 से पहले नहीं होना चाहिए.
पद–4. 01.12.2023 को 42 वर्ष से अधिक नहीं अर्थात उम्मीदवारों का जन्म 02.12.1981 से पहले नहीं होना चाहिए.

**$: सूचित पदस्थापन स्थान केवल सांकेतिक है, चयनित उम्मीदवारों को बैंक के विवेकाधिकार पर भारत में कहीं भी पदस्थापित किया जा सकता है.**

**शारीरिक रूप से निर्दिष्ट अशक्त (पीडब्ल्यूबीडी) व्यक्तियों के लिए आरक्षण:** दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 के अनुसार निर्धारित दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को 4 प्रतिशत का समस्तरीय आरक्षण दिया गया है. आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 की अनुसूची में परिभाषित किए गए विकलांग व्यक्तियों के लिए उपयुक्त पोस्ट की पहचान की गई है:

| निर्दिष्ट दिव्यांगता की उपयुक्त श्रेणी | कार्यात्मक आवश्यकता |
|---|---|
| क) LV – कम दृष्टि<br>ख) D – बधिर, HH – कम सुनने वाला<br>ग) OA – एक भुजा, OL – एक पैर, CP – प्रमिस्तष्क अंगघात, LC – कुष्ठरोग उपचारित, Dw–बौनापन, AAV– एसिड अटैक पीड़ित,<br>घ) SLD –विशिष्ट अधिगम अक्षमता, MI – मानसिक रुग्णता<br>ङ) MD –उपरोक्त (क) से (घ) तक शामिल बहु विकलांगताएं | एस– बैठना,<br>डब्ल्यू– चलना,<br>एमएफ– उंगलियाँ से परिचालन,<br>आरडब्ल्यू– पढ़ना व लिखना,<br>एसई– देखना,<br>एच– श्रवण,<br>सी– संप्रेषण |

1. ऐसे उम्मीदवार जो ओबीसी श्रेणी से संबंधित हैं लेकिन 'क्रीमी लेयर' से आते हैं, वे ओबीसी आरक्षण एवं आयु छूट के लिए पात्र नहीं होंगे. उन्हें अपनी श्रेणी 'सामान्य' या सामान्य (पीडब्ल्यूबीडी), के रूप में दर्शाना चाहिए.
2. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त–पदों सहित रिक्त–पदों की संख्या अस्थायी है और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बदल सकती है.
3. बैंक किसी भी स्तर पर इस भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से या किसी विशेष पद के लिए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
4. ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में यह उल्लिखित करते हुए एक घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि तक क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है. ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवार को भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष के लिए वैध 01.04.2023 से आवेदन/ऑनलाइन पंजीकरण की तारीख के दौरान जारी निर्धारित प्रारूप पर **'गैर–क्रीमी लेयर'** खंड वाला ओबीसी प्रमाणपत्र जमा करना चाहिए.
5. बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवार (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षण, उक्त पद की समग्र रिक्तियों के भीतर रहेंगी.
6. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.
7. भर्ती में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक मंत्रालय (डीओपीटी), लोक शिकायत एवं पेंशन, भारत सरकार के दिनांक 31.01.2019 के कार्यालय ज्ञापन सं.36039/1/2019–ईएसटीटी(आरईएस) द्वारा शासित होता है. अस्वीकरण: आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की रिक्तियां अनंतिम हैं तथा भारत सरकार के आगे के निदेशों और किसी भी अदालती परिणाम के अधीन हैं. नियुक्ति अनंतिम है और उचित चैनलों के माध्यम से सत्यापित किए जाने वाले आय और संपत्ति प्रमाणपत्र के अधीन है.

   आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का लाभ कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार सकल वार्षिक आय के आधार पर वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी और वर्ष 2023-24 के लिए वैध आय और परिसंपत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर उठाया जा सकता है. उम्मीदवार के पास साक्षात्कार के समय दस्तावेज़ सत्यापन की तारीख को आरक्षण का लाभ उठाने के अपने दावे के समर्थन में निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित आय और संपत्ति प्रमाण पत्र होना चाहिए. यदि कोई उम्मीदवार साक्षात्कार के समय दस्तावेज़ सत्यापन की तारीख को निर्धारित प्रारूप में 'आय और संपत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो बैंक में पद पर नियुक्ति के लिए उस पर विचार नहीं किया जाएगा.

8. अधिकतम आयु सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार के लिए दर्शाई गई है. भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट उपलब्ध होगी.

9. ऐसे मामलों में जहाँ एक विशिष्ट क्षेत्र में अनुभव की आवश्यकता है, अनुभव प्रमाण पत्र में विशेष रूप से उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार के पास उस विशिष्ट क्षेत्र में अनुभव है.

10. **यदि डिग्री/डिप्लोमा के प्रमाणपत्र विशेषज्ञता का क्षेत्र नहीं निर्दिष्ट करते हैं, तो उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/कॉलेज से विशेष रूप से विशेषज्ञता का उल्लेख करने वाला प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.**

11. **यदि स्नातकोत्तर डिग्री के प्रमाण पत्र में श्रेणी और/या प्रतिशत अंक निर्दिष्ट नहीं होते हैं, तो उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/कॉलेज से विशेष रूप से श्रेणी और/या समकक्ष प्रतिशत अंक, जैसा भी मामला हो, का एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा.**

12. **अनुभव प्रमाण पत्र में संबंधित पद के लिए प्रासंगिक, आवश्यक अनुभव (निष्पादित कर्तव्यों की आवश्यक प्रकृति का उल्लेख करते हुए) और उसकी संबंधित अवधि का साक्ष्य/उल्लेख होना चाहिए, ऐसा न करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.**

**ख. पद-वार शैक्षणिक योग्यता / अनुभव / विशिष्ट कौशल / कार्य प्रोफ़ाइल और केआरए का विवरण:**

1. **सहायक प्रबंधक (सुरक्षा विश्लेषक) JMGS-I**

| **योग्यता** (01.12.2023 तक) | **मूल योग्यता के पश्चात् कार्य अनुभव** (01.12.2023 तक) | **विशिष्ट कौशल** |
|---|---|---|
| **मूल:- अनिवार्य:**<br>केवल सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान/ कंप्यूटर एप्लिकेशन/ सूचना प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रुमेंटेशन में बी.ई. / बीटेक या एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस)/ एम.एससी. (आईटी)/एमसीए.<br><br>**वरीयता:**<br>i) साइबर सुरक्षा/ साइबर फोरेंसिक/ सूचना प्रौद्योगिकी में एम.टेक<br>ii) सीईएच/ सीआईएसए/ सीआईएसएम/ क्रिस्क/ सीआईएसएसपी/ आईएसओ 27001 एलए/ वीए प्रमाणन जैसे जीआईएसी एंटरप्राइज वल्नरेबिलिटी एसेसर (जीईवीए) | बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) / गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) / फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी (फिनटेक) / आईटी बहुराष्ट्रीय कंपनियों में आईटी / आईटी सुरक्षा / सूचना सुरक्षा में न्यूनतम 2 वर्ष का **मूल योग्यता के बाद अनुभव** रखने वाले उम्मीदवार.<br>नोट : प्रशिक्षण और शिक्षण अनुभव को पात्रता के लिए नहीं गिना जाएगा.<br><br>(मूल योग्यता के बाद अनुभव का अर्थ है: उल्लिखित मूल/अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने के बाद का अनुभव. केवल इसे ही गिना जाएगा.) | **अनिवार्य:**<br>साइबर सुरक्षा और सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओसी) और सूचना सुरक्षा परिचालन क्षेत्रों और एप्लिकेशन सुरक्षा नियंत्रण और मूल्यांकन और सुरक्षा निगरानी का डोमेन और गहन तकनीकी ज्ञान.<br><br>**वरीयता:**<br>विभिन्न सूचना सुरक्षा भूमिकाओं को संभालने में बीएफएसआई क्षेत्र में अनुभव. |

**कार्य प्रोफ़ाइल और केआरए:**

1. सक्रिय निर्देशिका, ईमेल समाधान, पैच प्रबंधन, विशेषाधिकार-प्राप्त एक्सेस प्रबंधन, आईटी परिसंपत्ति प्रबंधन आदि सहित इंफ्रास्ट्रक्चर सेवाओं में व्यापक ज्ञान और अनुभव. वेब एप्लिकेशन/वेब सेवाओं - OAuth2, SAMP और OpenID में लागू प्रमाणीकरण और प्राधिकरण मानकों का ज्ञान.
2. एंड-पॉइंट सुरक्षा, मोबिलिटी प्रबंधन, क्लाइंट ऑपरेटिंग सिस्टम, सैंडबॉक्सिंग, फ़ायरवॉल, डीएलपी, वीडीआई, डब्ल्यूएएफ, पीएएम, सक्रिय निर्देशिका, एप्लिकेशन व्हाइटलिस्टिंग सहित इंफ्रास्ट्रक्चर सुरक्षा और प्रबंधन प्रौद्योगिकियों के सभी पहलुओं का व्यापक तकनीकी और व्यावसायिक ज्ञान रखना और उसे बनाए रखना. फ़ाइल इंटीग्रिटी मॉनिटरिंग, नेटवर्क एक्सेस कंट्रोल, सीडीआर, इन्फ्रास्ट्रक्चर और एंटी-मैलवेयर, ईडीआर, एमडीएम, नेटवर्क एक्सेस कंट्रोल, प्रॉक्सी आदि सहित एंड-पॉइंट सुरक्षा समाधान.
3. सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन सुरक्षा नियंत्रण लागू करना.
4. एप्लिकेशन थ्रेट मॉडलिंग, एप्लिकेशन सुरक्षा परीक्षण योजना और समन्वय के लिए सुरक्षा आवश्यकताओं का विश्लेषण और कार्यान्वयन.
5. भेद्यता आकलन, प्रवेश, ऐपसेक, कोड समीक्षा और सुरक्षा कॉन्फ़िगरेशन समीक्षाओं में भाग लेना.
6. काली लिनक्स, बर्प सूट, Nmap, क्वालिस/नेसस, मेटास्प्लोइट, एचसीएल ऐपस्कैन आदि जैसे उपकरणों के ज्ञान के साथ ओडब्ल्यूएएसपी से संबंधित शीर्ष 10 संबंधित संवेदनशीलताओं की पहचान करने के लिए वेब एप्लिकेशन का सुरक्षा मूल्यांकन करने की क्षमता.
7. व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले साइबर आक्रामक टूल और ओपन-सोर्स टूल पर ज्ञान एक अतिरिक्त लाभ होगा.
8. मोबाइल एप्लिकेशन (स्टेटिक/डायनेमिक/मेमोरी एनालिसिस) के व्यावहारिक सुरक्षा परीक्षण के साथ ओडब्ल्यूएएसपी से संबंधित संवेदनशीलताओं की पहचान करने के लिए मोबाइल (एंड्रॉइड/iOS) एप्लिकेशन का सुरक्षा मूल्यांकन करने की क्षमता और फ्रीडा, मैजिक आदि जैसे डायनेमिक इंस्ट्रूमेंटेशन टूल्स का अनुभव.
9. एसओसी और सुरक्षा निगरानी उपकरण जैसे एसआईईएम, एनबीएडी, डीएएम समाधान और थ्रेट हंटिंग गतिविधियों का तकनीकी ज्ञान.
10. नियमित आधार पर थ्रेट इंटेलिजेंस गतिविधियाँ निष्पादित करना.
11. थ्रेट इंटेलिजेंस प्लेटफ़ॉर्म की निगरानी और प्रबंधन करना, थ्रेड फ़ीड का उपभोग और प्रबंधन करना, साइबर थ्रेट का पता लगाना, और चेतावनी देना और साइबर थ्रेट, समझौते के संकेतकों (IoCs), और एमआईटीआरई, किल चेन पद्धतियों पर काम करना.
12. एसबीडीएल/एसआईईएम, यूईबीए, डीएएम, एनबीए, पीसीएपी, टीआईपी, एसओएआर और आर्चर में ऑडिट अनुपालन आवश्यकता, परिचालन आवश्यकता, खतरे का आकलन और एप्लिकेशन स्वामी की आवश्यकता के अनुसार नियमों, नीतियों, एल्गोरिदम, रिपोर्ट और डैशबोर्ड को परिभाषित करना और उनकी समीक्षा करना.

**टिप्पणियाँ:** केआरए: केआरए कार्यग्रहण करने पर सौंपा जाएगा. ऊपर उल्लिखित कार्य प्रोफाइल निदर्शी है. उपरोक्त पदों के लिए बैंक द्वारा समय-समय पर उपर्युक्त के अतिरिक्त भूमिका/कार्य सौंपे जा सकते हैं.

2. **उप प्रबंधक (सुरक्षा विश्लेषक) MMGS-II**

| **योग्यता** (01.12.2023 तक) | **मूल योग्यता के पश्चात् कार्य अनुभव** (01.12.2023 तक) | **विशिष्ट कौशल** |
|---|---|---|
| **मूल :-** केवल सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान / कंप्यूटर अनुप्रयोग / सूचना प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार / इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार / इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रुमेंटेशन में बी.ई. / बीटेक.<br>**या**<br>केवल सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस)/ एम.एससी. (आईटी)/एमसीए.<br><br>**वरीयता:**<br>i) साइबर सुरक्षा/ साइबर फोरेंसिक/ सूचना प्रौद्योगिकी में एम.टेक<br>ii) सीईएच/ सीआईएसए/ सीआईएसएम/ क्रिस्क/ सीआईएसएसपी/ आईएसओ 27001 एलए/ वीए प्रमाणन जैसे जीआईएसी एंटरप्राइज वल्नरेबिलिटी एसेसर (जीईवीए)/ सीआईएसएसपी/ सीआईएसएम/ सीईएच | **न्यूनतम**<br>बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) / गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) / फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी (फिनटेक) / आईटी बहुराष्ट्रीय कंपनियों में आईटी / आईटी सुरक्षा / सूचना सुरक्षा में 5 वर्ष का **मूल योग्यता के बाद अनुभव**.<br>प्रशिक्षण और शिक्षण अनुभव को पात्रता के लिए नहीं गिना जाएगा.<br><br>(मूल योग्यता के बाद अनुभव का अर्थ है: उल्लिखित मूल/अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने के बाद का अनुभव. केवल इसे ही गिना जाएगा.) | **अनिवार्य:**<br>साइबर सुरक्षा और सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओसी) और सूचना सुरक्षा परिचालन क्षेत्रों और एप्लिकेशन सुरक्षा नियंत्रण और मूल्यांकन और सुरक्षा निगरानी का डोमेन और गहन तकनीकी ज्ञान.<br><br>**वरीयता:**<br>विभिन्न सूचना सुरक्षा भूमिकाओं को संभालने में बीएफएसआई क्षेत्र में अनुभव. |

**कार्य प्रोफ़ाइल और केआरए:**

1. सक्रिय निर्देशिका, ईमेल समाधान, पैच प्रबंधन, विशेषाधिकार–प्राप्त एक्सेस प्रबंधन, आईटी परिसंपत्ति प्रबंधन आदि सहित इंफ्रास्ट्रक्चर सेवाओं में व्यापक ज्ञान और अनुभव. वेब एप्लिकेशन/वेब सेवाओं – OAuth2, SAMP और OpenID में लागू प्रमाणीकरण और प्राधिकरण मानकों का ज्ञान.
2. एंड–पॉइंट सुरक्षा, मोबिलिटी प्रबंधन, क्लाइंट ऑपरेटिंग सिस्टम, सैंडबॉक्सिंग, फ़ायरवॉल, डीएलपी, वीडीआई, डब्ल्यूएएफ, पीएएम, सक्रिय निर्देशिका, एप्लिकेशन व्हाइटलिस्टिंग सहित इंफ्रास्ट्रक्चर सुरक्षा और प्रबंधन प्रौद्योगिकियों के सभी पहलुओं का व्यापक तकनीकी और व्यावसायिक ज्ञान रखना और उसे बनाए रखना. फ़ाइल इंटीग्रिटी मॉनिटरिंग, नेटवर्क एक्सेस कंट्रोल, सीडीआर, इन्फ्रास्ट्रक्चर और एंटी–मैलवेयर, ईडीआर, एमडीएम, नेटवर्क एक्सेस कंट्रोल, प्रॉक्सी आदि सहित एंड–पॉइंट सुरक्षा समाधान.
3. सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन सुरक्षा नियंत्रण लागू करना.
4. एप्लिकेशन थ्रेट मॉडलिंग, एप्लिकेशन सुरक्षा परीक्षण योजना और समन्वय के लिए सुरक्षा आवश्यकताओं का विश्लेषण और कार्यान्वयन.
5. भेद्यता आकलन, प्रवेश, ऐपसेक, कोड समीक्षा और सुरक्षा कॉन्फ़िगरेशन समीक्षाओं में भाग लेना.
6. काली लिनक्स, बर्प सूट, Nmap, क्वालिस/नेसस, मेटास्प्लोइट, एचसीएल ऐपस्कैन आदि जैसे उपकरणों के ज्ञान के साथ ओडब्ल्यूएएसपी से संबंधित शीर्ष 10 संबंधित संवेदनशीलताओं की पहचान करने के लिए वेब एप्लिकेशन का सुरक्षा मूल्यांकन करने की क्षमता.
7. व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले साइबर आक्रामक टूल और ओपन–सोर्स टूल पर ज्ञान एक अतिरिक्त लाभ होगा.
8. मोबाइल एप्लिकेशन (स्टेटिक/डायनेमिक/मेमोरी एनालिसिस) के व्यावहारिक सुरक्षा परीक्षण के साथ ओडब्ल्यूएएसपी से संबंधित संवेदनशीलताओं की पहचान करने के लिए मोबाइल (एंड्रॉइड/iOS) एप्लिकेशन का सुरक्षा मूल्यांकन करने की क्षमता और फ्रीडा, मैजिक आदि जैसे डायनेमिक इंस्ट्रूमेंटेशन टूल्स का अनुभव.
9. एसओसी और सुरक्षा निगरानी उपकरण जैसे एसआईईएम, एनबीएडी, डीएएम समाधान और थ्रेट हंटिंग गतिविधियों का तकनीकी ज्ञान.
10. नियमित आधार पर थ्रेट इंटेलिजेंस गतिविधियाँ निष्पादित करना.
11. थ्रेट इंटेलिजेंस प्लेटफ़ॉर्म की निगरानी और प्रबंधन करना, थ्रेड फ़ीड का उपभोग और प्रबंधन करना, साइबर थ्रेट का पता लगाना, और चेतावनी देना और साइबर थ्रेट, समझौते के संकेतकों (IoCs), और एमआईटीआरई, किल चेन पद्धतियों पर काम करना.
12. एसबीडीएल/एसआईईएम, यूईबीए, डीएएम, एनबीए, पीसीएपी, टीआईपी, एसओएआर और आर्चर में ऑडिट अनुपालन आवश्यकता, परिचालन आवश्यकता, खतरे का आकलन और एप्लिकेशन स्वामी की आवश्यकता के अनुसार नियमों, नीतियों, एल्गोरिदम, रिपोर्ट और डैशबोर्ड को परिभाषित करना और उनकी समीक्षा करना.
13. अलग–अलग आईटी प्रणालियों से प्राप्त लॉग के लिए सहसंबंध नियम बनाना, एसओसी द्वारा प्रतिदिन प्राप्त अरबों लॉग पर विश्लेषणात्मक और पैटर्न विश्लेषण मॉडल विकसित करना और उसे लागू करना.
14. लॉग सहसंबंध, घटना निर्माण, रिपोर्टिंग, निवारण, वृद्धि और समापन सत्यापन को स्वचालित करने के लिए प्लेबुक बनाना.
15. फोरेंसिक और लॉग विश्लेषण टूल (वाणिज्यिक और ओपन–सोर्स टूल) जैसे एपउरीश, फोरेंसिक टूलकिट (FTK), ईएलके, द स्लीथ किट (TSK) आदि का उपयोग करके डिजिटल फोरेंसिक विश्लेषण करना.
16. आपूर्ति श्रृंखला, तृतीय पक्ष विक्रेता और व्यापार भागीदार संबंधों द्वारा उत्पन्न तृतीय पक्ष–जोखिम और चतुर्थ पक्ष–जोखिम (विक्रेता जोखिम) को समझना और तृतीय पक्ष के संबंधों विशेषकर विक्रेताओं और ग्राहकों से जोखिम की निगरानी करन, उसे कम करने और रिपोर्ट करने के लिए मुख्य तृतीय पक्ष जोखिम प्रबंधन (TPRM) प्रक्रियाओं को डिजाइन, कार्यान्वित और प्रबंधित करना.

**टिप्पणियाँ:** केआरए: केआरए कार्यग्रहण करने पर सौंपा जाएगा. ऊपर उल्लिखित कार्य प्रोफाइल निदर्शी है. उपरोक्त पदों के लिए बैंक द्वारा समय–समय पर उपर्युक्त के अतिरिक्त भूमिका/कार्य सौंपे जा सकते हैं.

3. प्रबंधक (सुरक्षा विश्लेषक) MMGS-III

| **योग्यता** (01.12.2023 तक) | **मूल योग्यता के पश्चात् कार्य अनुभव** (01.12.2023 तक) | **विशिष्ट कौशल** |
|---|---|---|
| **मूल:–**<br>केवल सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान/ कंप्यूटर एप्लिकेशन/ सूचना प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रुमेंटेशन में बी.ई. / बीटेक या एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस)/ एम.एससी. (आईटी)/एमसीए.<br>या<br>केवल सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से साइबर सुरक्षा/सूचना सुरक्षा में एमटेक.<br><br>**अन्य योग्यताएँ:**<br>**आवश्यक:**<br>सीसीएसपी / सीसीएसके / जीसीएसए / कॉम्पटिया क्लाउड+ / वीसीपी/ सीसीएनए / सीसीएनपी<br><br>**वरीयता:**<br>अतिरिक्त तकनीकी प्रमाणन जैसे सीआईएसए/ सीआईएसएम/ सीआईएसएसपी/ जीएसईसी सीईएच | **न्यूनतम:**<br>बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) / गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) / फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी (फिनटेक) / आईटी बहुराष्ट्रीय कंपनियों में आईटी / आईटी सुरक्षा / सूचना सुरक्षा में 7 वर्ष का **मूल योग्यता के बाद अनुभव**.<br><br>(मूल योग्यता के बाद अनुभव का अर्थ है: उल्लिखित मूल/अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने के बाद का अनुभव. केवल इसे ही गिना जाएगा.) | **अनिवार्य:**<br>व्यावसायिक उद्देश्यों और संगठनात्मक नीतियों के अनुसार डेटा प्रवाह विश्लेषण करने/डेटा प्रवाह आरेख तैयार करने, डेटा सुरक्षा नियंत्रणों को तैयार करने, अनुशंसा करने और कार्यान्वित करने का अनुभव.<br>निजी और सार्वजनिक क्लाउड परिनियोजन, आभासीकृत वातावरण और कंटेनरीकरण प्लेटफ़ॉर्म की तैनाती/प्रबंधन में महत्वपूर्ण अनुभव.<br>सीएएसबी / सीएसपीएम / सीडब्ल्यूपीपी / सीएनएपीपी /माइक्रो सेगमेंटेशन/ वर्चुअलाइजेशन टेक्नोलॉजीज/ कंटेनरीकरण टेक्नोलॉजीज सहित क्लाउड सिक्योरिटी सॉल्यूशंस और क्लाउड टेक्नोलॉजीज में दक्ष.<br>बड़े नेटवर्क की तैनाती/प्रबंधन के लिए सुरक्षा सिफारिशें प्रदान करने पर कार्य अनुभव.<br>फ़ायरवॉल, आईपीएस, लोड बैलेंसर, राउटर और स्विच/ प्रॉक्सी/ Anti DDoS/ डीएनएस/ एनएसी/ AAA आदि सहित नवीनतम नेटवर्किंग तकनीकों में अत्यधिक दक्ष.<br>फ़ायरवॉल, घुसपैठ निवारण प्रणाली आदि जैसे नेटवर्क सुरक्षा समाधानों को डिजाइन करने और लागू करने का अनुभव.<br>सूचना सुरक्षा नीति, साइबर सुरक्षा नीति/डेटा गवर्नेंस नीति और संबंधित प्रक्रियाओं और डेटा लीक रोकथाम समाधान सहित विभिन्न नीतियों को लागू करने के लिए जिम्मेदार.<br>डेटा वर्गीकरण, डेटा सुरक्षा तंत्र/डेटा सुरक्षा विनियामक अपेक्षाओं, क्रिप्टोग्राफ़िक तकनीकों की अच्छी समझ.<br>नोट : प्रशिक्षण और शिक्षण अनुभव को पात्रता के लिए नहीं गिना जाएगा. |

**कार्य प्रोफ़ाइल और केआरए:**

1. निजी और सार्वजनिक क्लाउड परिनियोजन, आभासीकरण और कंटेनरीकरण प्रौद्योगिकियों जैसे एज़्योर / एडब्ल्यूएस / जीसीपी / वीएमवेयर क्लाउड फाउंडेशन / ओसीआई (वरीयता) के चयन और डिजाइन में सलाहकार भूमिका प्रदान करना.
2. सुरक्षित आर्किटेक्चर में विशेषज्ञता प्रदान करना और क्लाउड परिनियोजन, आभासीकरण और कंटेनरीकरण प्रौद्योगिकियों के लिए सिफारिशें प्रदान करना.
3. क्लाउड अपनाने के लिए क्लाउड सुरक्षा नीतियां और मानक और संदर्भ आर्किटेक्चर विकसित करना.
4. एप्लिकेशन टीमों को सूचना सुरक्षा आर्किटेक्चर पर विषय वस्तु विशेषज्ञता प्रदान करना.
5. क्लाउड परिनियोजन की सुरक्षा स्थिति की निगरानी करना और उन्हें बेहतर बनाने के उपायों की सलाह देना.
6. नेटवर्किंग, प्रमाणीकरण तंत्र और क्रिप्टोग्राफ़िक नियंत्रण आदि सहित बुनियादी ढांचा प्रौद्योगिकियों के पहलुओं का व्यापक तकनीकी और व्यावसायिक ज्ञान रखना और उसे बनाए रखना.

7. थ्रेट मॉडलिंग और जोखिम विश्लेषण करना.

8. भारत में बैंक की डेटा सुरक्षा नीति और प्रक्रियाओं के विकास और कार्यान्वयन सहित बैंक की डेटा सुरक्षा रणनीति का विकास और प्रबंधन करना.

9. समय–समय पर डेटा सुरक्षा मूल्यांकन या समीक्षा करना.

10. मूल्यांकन द्वारा पहचानी गई किसी भी कमी को सुधारने के लिए आवश्यक उपाय करना.

11. डेटा सुरक्षा उल्लंघनों (यदि कोई हो) के प्रबंधन के लिए सलाह और सहायता प्रदान करना, जिसमें बैंक की ओर से पर्यवेक्षी प्राधिकारी के साथ संपर्क करना भी शामिल है.

12. व्यवसाय और प्रौद्योगिकी विभागों के लिए डेटा प्रवाह विश्लेषण (DFA) निष्पादित करना.

13. डेटा लीक रोकथाम (DLP) और दस्तावेज़ अधिकार प्रबंधन समाधान (IRM/ DRM) लागू करना.

14. सुरक्षित नेटवर्क आर्किटेक्चर के डिजाइन में सलाहकार भूमिका प्रदान करना.

15. नेटवर्क डिजाइन और तैनाती के लिए सुरक्षा नीतियां एवं मानक और संदर्भ आर्किटेक्चर विकसित करना.

16. उभरती नेटवर्किंग प्रौद्योगिकियों, समाधानों, सुरक्षा थ्रेट, कमजोरियों और नियंत्रणों से अवगत रहना और नियंत्रणों को कम करने की सलाह देना.

17. वैश्विक सुरक्षा सर्वोत्तम प्रथाओं के समक्ष सुरक्षित तैनाती, सुरक्षित कॉन्फ़िगरेशन के लिए नेटवर्क की समीक्षा.

18. नेटवर्क सुरक्षा मानकों का विकास करना और कॉर्पोरेट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नेटवर्क डिज़ाइन का मार्गदर्शन करना.

19. नेटवर्क परिनियोजन की सुरक्षा स्थिति की निगरानी करना और उन्हें सुधारने के उपायों की सलाह देना.

20. थ्रेट मॉडलिंग और जोखिम विश्लेषण करना.

21. नेटवर्क सुरक्षा मूल्यांकन करना और डीडॉस, डब्ल्यूएएफ, आईडीएस/आईपीएस, फ़ायरवॉल सिस्टम की निगरानी करना.

**टिप्पणियाँ:** केआरए: केआरए कार्यग्रहण करने पर सौंपा जाएगा. ऊपर उल्लिखित कार्य प्रोफाइल निदर्शी है. उपरोक्त पदों के लिए बैंक द्वारा समय–समय पर उपर्युक्त के अतिरिक्त भूमिका/कार्य सौंपे जा सकते हैं.

| 4. **सहायक महा प्रबंधक (एप्लिकेशन सुरक्षा) SMGS-V** | | |
|---|---|---|
| **योग्यता** (01.12.2023 तक) | **मूल योग्यता के पश्चात् कार्य अनुभव** (01.12.2023 तक) | **विशिष्ट कौशल** |
| **मूल:–**<br>केवल सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से बीई / बीटेक (कंप्यूटर साइंस / इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार / सूचना प्रौद्योगिकी/ साइबर सुरक्षा).<br>या<br>केवल सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से एमसीए/एमएससी (कंप्यूटर साइंस) / एमएससी (आईटी).<br>या<br>केवल सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से साइबर सुरक्षा/सूचना सुरक्षा में एमटेक.<br><br>**वरीयता :**<br>सीआईएसए / सीआईएसएम / सीआईएसएसपी / जीएसईसी / कॉम्पटिया CySA+ / डेटा+ / एसएससीपी / सीसीएनपी सुरक्षा से अतिरिक्त तकनीकी प्रमाणन | – सूचना सुरक्षा और प्रौद्योगिकी पेशे में **मूल योग्यता के बाद** 12 वर्ष से अधिक का **अनुभव**<br>– सुरक्षा (सीआईएसए, सीआईएसएम, सीआईएसएसपी) में प्रमाणन एक मजबूत पहलू है<br>– थ्रेट मॉडलिंग, एप्लिकेशन सुरक्षा परीक्षण योजना और समन्वय में पूर्व अनुभव, एप्लिकेशन जोखिम शमन योजना में अनुभव, कमजोरियों के निवारण की सिफारिश और मार्गदर्शन, अनुपालन और मेट्रिक्स रिपोर्टिंग में अनुभव.<br>– सूचना सुरक्षा से संबंधित जोखिम मुद्दों पर प्रबंधन को सलाह देना और व्यापक जोखिम प्रबंधन और अनुपालन कार्यक्रमों के समर्थन में कार्रवाई की सिफारिश करना.<br>– आंतरिक/बाह्य सूचना सुरक्षा प्रवृत्तियों की निगरानी करना और नेतृत्व को सूचना सुरक्षा संबंधी प्रवृत्तियों के बारे में अवगत कराना.<br>– विभिन्न मौजूदा सुरक्षा समाधानों, उपकरणों और प्रौद्योगिकियों की जानकारी रखना.<br>– सूचना सुरक्षा नीतियों और अनुपालन का पालन सुनिश्चित करना.<br>– विभिन्न CSITE/नियामक प्रस्तुतियाँ समन्वयित करना और प्रस्तुत करना.<br>– स्थानीय और उद्योग विशिष्ट नियमों (पीसीआई–डीएसएस, आईएसओ 27001) के अनुपालन की निगरानी करना.<br>– क्लाउड कंप्यूटिंग प्लेटफ़ॉर्म (SaaS, PaaS, IaaS) के लिए सुरक्षा की गहरी समझ रखना.<br>– सहकर्मी प्रौद्योगिकी टीमों और समर्थन कार्यों के साथ आवश्यक जोखिम संस्कृति और साझेदारी को बढ़ावा देना.<br>– विभिन्न सुरक्षा समिति की बैठकों में भाग लेना.<br>– एप्लिकेशन या इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सुरक्षा आवश्यकताओं के विश्लेषण में अनुभव या ओईएम (एप्लिकेशन/इंफ्रास्ट्रक्चर सुरक्षा आदि के क्षेत्र में) के टीएसी संसाधन के रूप में अनुभव.<br>(मूल योग्यता के बाद अनुभव का अर्थ है: उल्लिखित मूल /अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने के बाद का अनुभव. केवल इसे ही गिना जाएगा.) | -- |

**कार्य प्रोफ़ाइल और केआरए:**

1. एप्लिकेशन सुरक्षा पर तकनीकी नेतृत्व, मार्गदर्शन और दिशा प्रदान करना.

2. एप्लिकेशन सुरक्षा नियंत्रणों के दस्तावेज़ीकरण का विकास और रखरखाव.

3. सॉफ़्टवेयर एप्लिकेशन सुरक्षा नियंत्रणों को परिभाषित करना.

4. सुरक्षा कमजोरियों को दूर करने के लिए तकनीकी समाधानों की पहचान करना, डिजाइन करना और उन्हें लागू करना.

5. सिस्टम सेवाओं का विश्लेषण करना, कोड, नेटवर्क और एप्लिकेशन में समस्याओं का पता लगाना.

6. एप्लिकेशन के लिए सुरक्षा आवश्यकताओं का विश्लेषण और कार्यान्वयन.

7. थ्रेट मॉडलिंग, अनुप्रयोग सुरक्षा परीक्षण योजना और समन्वय.

8. एप्लिकेशन जोखिम शमन योजना, सुभेद्यता निवारण अनुशंसा और मार्गदर्शन, अनुपालन और मेट्रिक्स रिपोर्टिंग.

9. थ्रेट मॉडलिंग/जोखिम मूल्यांकन, एप्लिकेशन जोखिम वर्गीकरण, सुरक्षा आर्किटेक्चर अंतराल मूल्यांकन और सुरक्षित एसडीएलसी प्रक्रिया परिभाषा और टूलींग का ज्ञान.
10. DevSecOps - CI/CD पाइपलाइन में सुरक्षा एकीकरण – डिज़ाइन, कार्यान्वयन.
11. डेवलपमेंट पहलुओं और सुरक्षित कोडिंग प्रथाओं का अच्छा ज्ञान.
12. विकसित किए गए एप्लिकेशनों को उत्पादन परिवेश में स्थापित करने से पहले उनकी समीक्षा करने के लिए जिम्मेदार.
13. एप्लिकेशन/इंफ्रास्ट्रक्चर की व्यापक सुरक्षा समीक्षा करना.
14. उन सुभेद्यताओं की पहचान करना जिनका संभावित दुर्भावनापूर्ण हैकर द्वारा फायदा उठाया जा सकता है.
15. एप्लिकेशन/इंफ्रास्ट्रक्चर डोमेन में नवीनतम आईटी सुरक्षा उपकरणों / तकनीकों की समझ.
16. यह सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक और बाहरी व्यापारिक भागीदारों के साथ काम करना कि आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर / एप्लिकेशन वैश्विक सुरक्षा मानकों को पूरा करता है.
17. सुरक्षा समाचारों से अद्यतन रहना, क्षेत्र में उभरती नवीनतम कमजोरियों और उपायों पर नज़र रखना.

**टिप्पणियाँ:** केआरए: केआरए कार्यग्रहण करने पर सौंपा जाएगा. ऊपर उल्लिखित कार्य प्रोफाइल निदर्शी है. उपरोक्त पदों के लिए बैंक द्वारा समय–समय पर उपर्युक्त के अतिरिक्त भूमिका/कार्य सौंपे जा सकते हैं.

## ग. पारिश्रमिक:

| पद क्र. सं. | ग्रेड (नियमित पद) | वेतनमान |
|---|---|---|
| **सहायक प्रबंधक (सुरक्षा विश्लेषक)** | JMGS I | मूल वेतन: 36000-1490/7-46430-1740/2-49910-1990/7/-63840 |
| **उप प्रबंधक (सुरक्षा विश्लेषक)** | MMGS II | मूल वेतन: 48170-1740/1-49910-1990/10-69810 |
| **प्रबंधक (सुरक्षा विश्लेषक)** | MMGS III | मूल वेतन: 63840-1990/5-73790-2220/2-78230 |
| **सहायक महा प्रबंधक (एप्लिकेशन सुरक्षा)** | SMGS V | मूल वेतन: 89890-2500/2-94890-2730/2-100350 |
| समय–समय पर लागू नियमों के अनुसार महँगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, नगर प्रतिकर भत्ता, पीएफ, अंशदायी पेंशन फंड यानी एनपीएस, एलएफसी, चिकित्सा सुविधा आदि और बैंक की वेतन संरचना के अनुसार वेतन और भत्ते के लिए पात्र. | | |

## घ. चयन प्रक्रिया:

चयन शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार पर आधारित होगा.

**शॉर्टलिस्टिंग: न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का कोई अधिकार नहीं होगा.** बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति शॉर्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके पश्चात् बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाये जायेंगे. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाये जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. **इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.**

**साक्षात्कार:** साक्षात्कार 100 अंकों का होगा. साक्षात्कार में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे. इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा.

**मेरिट सूची:** चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार की जायेगी. एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा निर्दिष्ट अंक प्राप्त करने पर (निर्दिष्ट सीमा पर एक समान अंक होने पर), ऐसे उम्मीदवारों की मेरिट में उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में रैंक प्रदान की जायेगी.

**ङ. साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:** साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर/ सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. **कोई कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी.**

## च. आवेदन कैसे करें:

उम्मीदवारों की **सक्रिय ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर** हो जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए. इससे उसे अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल या मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी.

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशानिर्देश:**

| | |
|---|---|
| i. | उम्मीदवार एसबीआई की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** या **https://www.sbi.co.in/web/careers/current-openings** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करें और इन्टरनेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड आदि का उपयोग करके आवेदन शुल्क का भुगतान करें. |
| ii. | उम्मीदवार सर्वप्रथम अपने नवीनतम फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार अपलोड ('आवेदन कैसे करें' के अंतर्गत) नहीं कर देता/देती. |
| iii. | उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक भरें. आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद ही उम्मीदवार इसे प्रस्तुत करें. यदि एक बार में उम्मीदवार आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है. जब जानकारी/आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा. **उम्मीदवार इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को नोट कर लें.** वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो दिए गए विवरण में संशोधन कर सकते हैं. सेव की गई जानकारी को इस तरह से बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक होगी. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तब उम्मीदवार को चाहिए कि वह इसे प्रस्तुत करें और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें. |
| iv. | ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, उम्मीदवारों को यह सूचना दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों को प्रिन्ट कर लें. |

**शुल्क के भुगतान के लिए दिशानिर्देश:**

| | |
|---|---|
| i. | सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (अप्रतिदेय) ₹750/- है (सात सौ पचास रुपए मात्र) और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति के उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क/सूचना प्रभार नहीं है. |
| ii. | शुल्क का भुगतान वहां उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा. |
| iii. | आवेदन पत्र के विवरण सही हैं यह सुनिश्चित कर लेने के बाद उम्मीदवार द्वारा आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी. |
| iv. | भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह उम्मीदवारों को ही वहन करना होगा. |
| v. | भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई–रसीद और आवेदन फॉर्म बनेगा जिसे प्रिन्ट कर उम्मीदवार अपने पास रख ले. |
| vi. | यदि पहली बार में ऑनलाइन शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें. |
| vii. | शुल्क विवरणों सहित ई–रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है. |
| viii. | एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी तरह से वापस नहीं लौटाया जाएगा, न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या फिर भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा. |

## छ. प्रलेखों को अपलोड कैसे करें:

**अ. अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों का विवरण:**

i. संक्षिप्त रेस्यूम (पीडीएफ)
ii. पहचान का प्रमाण (पीडीएफ)
iii. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)
iv. शैक्षणिक योग्यता: प्रासंगिक अंक तालिका/डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
v. अनुभव प्रमाण पत्र (पीडीएफ)
vi. जाति प्रमाण–पत्र/ओबीसी प्रमाण–पत्र/ईडब्ल्यूएस प्रमाण–पत्र, यदि लागू हो (पीडीएफ)
vii. पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र, यदि लागू हो (पीडीएफ)

**ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज़:**

i. पासपोर्ट आकार की नवीनतम रंगीन फोटो होनी चाहिए.
ii. फाइल का आकार 20 केबी–50 केबी और डायमेंशन 200X230 पिक्सल (अधिमानतः) तक होना चाहिए.
iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.
iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें.
v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई छाया न पड़े.
vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें रैड–आई नहीं है.
vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.
viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए.
ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें.

**स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर काली पैन से हस्ताक्षर करें.
ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई अन्य व्यक्ति.
iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां हस्ताक्षर करें.
iv. यदि परीक्षा के समय उत्तर पुस्तिका पर आवेदक के हस्ताक्षर कॉल लेटर के हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते तो आवेदक अयोग्य हो जाएगा/जाएगी.
v. फाइल का आकार 10 केबी–20 केबी के बीच का हो और डायमेंशन 140X60 पिक्सल (अधिमानतः) हो.
vi. यह सुनिष्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.
vii. अंग्रेज़ी के केपिटल लेटर में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

**द. प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. सभी दस्तावेज पीडीएफ प्रारूप में हों.
ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो.
iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो.
iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूंशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़े जा सकने लायक हैं.

**य. फोटो/हस्ताक्षर/प्रलेखों को स्कैन करने हेतु दिशा–निर्देश:**

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स पर इन्च) पर रखें.
ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें.
iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके फोटो को स्कैन करें फिर फोटो को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.
iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)
v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है
vi. जो उम्मीदवार एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फार्मेट में पा सकते हैं जो कि क्रमशः 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी, इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट सें जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं. इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा. इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्सल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है. इसी तरह से अन्य फोटो एडीटर में भी विकल्प उपलब्ध हैं.
vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

**र. प्रलेख अपलोड करने की प्रक्रिया:**

i. प्रत्येक प्रलेख को अपलोड करने हेतु अलग से लिंक दिए जाएंगे.
ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.
iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.
iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.
v. आवेदन सबमिट करने से पहले प्रलेख अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.
vi. प्रलेख अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.
vii. **ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्ताक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद उम्मीदवार जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं.** फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. **फोटो पर चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा.**

**नोट:** यदि फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है यदि फोटो या हस्ताक्षर ठीक रूप से दिखाई नहीं देते हैं, तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संपादित कर सकता है और फार्म प्रस्तुत करने से पहले अपने फोटोग्राफ या हस्ताक्षर को फिर से लोड कर सकता है.

**ज. सामान्य जानकारी:**

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्त वर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और उसके द्वारा प्रस्तुत ब्यौरा सभी प्रकार से सही है.

**ii. भर्ती के किसी भी स्तर पर यदि ऐसा पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (रियां) छिपाई हैं तो उसकी उम्मीदवारीता को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसकी नियुक्ति/भर्ती के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं.**

iii. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है.

iv. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त घोषित किए जाने के अधीन है. इस तरह की नियुक्ति बैंक में ऐसे पद के लिए बैंक के सेवा और आचरण नियमों के अधीन भी होगी, जो बैंक में भर्ती के समय लागू थे.

v. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई–मेल को सक्रिय रखें.

vi. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

vii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार, जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है, अनारक्षित (सामान्य) श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे अनारक्षित (सामान्य) श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों. आवेदन जमा करने के बाद किसी भी उम्मीदवार की श्रेणी में कोई बदलाव की अनुमति नहीं है.

viii. जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध–सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित पब्लिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचना दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें. ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारीता पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

ix. चयन की दशा में, उम्मीदवार से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति/नियोजन प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें.

x. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है.

xi. उम्मीदवारों को उन्हीं के हित में यह सूचना दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें, क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए. पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.

**xii. पात्रता, साक्षात्कार अन्य परीक्षाएं और चयन प्रक्रिया संबंधी सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्राचार किया जाएगा.**

xiii. एक ही पद के लिए एकाधिक आवेदन की अनुमति नहीं है. एक से अधिक आवेदन के मामले में, इच्छित पद के लिए केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन को बरकरार रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क जब्त कर लिया जाएगा. हालाँकि, पात्र होने पर कोई उम्मीदवार एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर सकता है.

**xiv. जहां भर्ती बिना लिखित परीक्षा के और केवल साक्षात्कार लेकर की जाती है, वहां मात्र पात्रता मानदंडों को पूरा करने पर ही यह पर्याप्त नहीं होता है कि उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाए. बैंक के पास यह अधिकार सुरक्षित रहता है कि वह उम्मीदवार की आयु, योग्यता, अनुभव, उपयुक्तता आदि के संदर्भ के अनुसार आरंभिक स्क्रीनिंग/छंटाई के बाद ही साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की अपेक्षित संख्या में ही उन्हें बुलाए. इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा. इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.**

xv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाही मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व एकमात्र अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.

xvi. पद संख्या 1, 2 और 3 के लिए साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहरी उम्मीदवारों को टिकट/चालान की मूल/प्रतियाँ जमा करने पर वर्तमान पोस्टिंग/निवास स्थान, जो भी साक्षात्कार स्थल के नजदीक हो, से भारत में सबसे छोटे मार्ग के लिए एसी–III टियर (केवल मेल/एक्सप्रेस) के यात्रा किराए या किए गए वास्तविक व्यय (जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति की जाएगी. पद क्रम संख्या 4 अर्थात् सहायक महाप्रबंधक (एप्लिकेशन सुरक्षा) के लिए, टिकट, इन्वाइस और बोर्डिंग प्रस्तुत करने पर वर्तमान पोस्टिंग या निवास स्थान से, जो भी साक्षात्कार स्थल के नजदीक हो, सबसे छोटे मार्ग इकोनॉमी क्लास द्वारा हवाई किराये की प्रतिपूर्ति की जा सकती है. स्थानीय परिवहन व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी. यदि कोई उम्मीदवार पद के लिए अयोग्य पाया जाता है, तो उसे साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और कोई किराया भी प्रतिपूर्ति नहीं किया जाएगा.

xvii. साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उसके विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. बैंक अन्य बातों के साथ–साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है. बैंक ऐसे प्रकटनों और/या सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.

**xviii. बैंक किसी भी स्तर पर इस भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से या किसी विशेष पद के लिए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.**

किसी पूछताछ के लिए, कृपया हमसे **("CONTACT US/ Post Your Query")** लिंक के ज़रिए लिखें, जो बैंक की वेबसाइट (URL – **https://bank.sbi/web/careers** या **https://sbi.co.in/web/careers)** पर उपलब्ध है.

**किसी भी रूप में अनुयाचन अपात्रता होगी.**

यह विज्ञापन बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** या **https://sbi.co.in/web/careers/current-openings** पर उपलब्ध है.

**मुंबई**
दिनांक: **13.02.2024**

**मुद्रण की त्रुटियाँ यदि हों, तो उसके लिए बैंक ज़िम्मेदार नहीं होगा.**
**किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा.**

**महाप्रबंधक**
**(आरपी और पीएम)**

# आवेदन कैसे करें

[https://bank.sbi/careers/current-openings](https://bank.sbi/careers/current-openings) पर लॉगिन करें

नीचे स्क्रॉल करें और संबंधित
विज्ञापन सं. **CRPD/SCO/2023-24/32** पर क्लिक करें

**विज्ञापन डाउनलोड करें** (विस्तृत विज्ञापन ध्यान पूर्वक पढ़ें)

**ऑनलाइन आवेदन करें**
(अंतिम प्रस्तुतीकरण से पहले, कृपया अपना आवेदन अच्छी तरह पढ़ लें. अंतिम प्रस्तुतीकरण के बाद उसमें सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी)

